तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, बुधवार, 18 जून 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]

12 स्कूल, छात्रावास परिसर, रिक्त मैदानों व...



12 भारत में राम राज्य की स्थापना ही संकल्प...




# स्र्बीस एजुकेशन का NEET-JEE में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में संस्था की अयाती बिजुरिया ने XII-CBSE में 98.2% प्राप्त कर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सिमोन बगारिया ने XII में 96.8% तथा NEET 2025 में 602 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में तीसरा तथा ऑल इंडिया रैंक 1239 प्राप्त किया। JEE में सफल हुए विशाल, पुष्पांजली और 11 अन्य के साथ साथ, नीट 2025 में नमन, भूमि साहू, मीनाक्षी ध्रुव, आस्था, वीणा साहू सहित 27 विद्यार्थी चयनित हो चुके है। सलीम सर के फिजिक्स अध्यापन से



सैंकडो विद्यार्थी लाभन्वित हो चुके है। अब हमारी टीम में डॉ. रवि देशमुख (बॉयोलॉजी) तथा रोहित निरंजन (केमिस्ट्री) भी अध्यापन करा रहे है।

छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ अध्यापन टीम।

ड्रॉपर बैचस हिन्दी व अंग्रेजी मीडियम में प्रवेश प्रारंभ है।

Shop-254, Sector-10, Zonal Mkt, Sec-10, Bhilai, C.G
Mob. : 9425566777, 9039800929
Advt.


## खबर संक्षेप

### 5 दिवसीय योग प्रशिक्षण का किया गया शुभारंभ



**दुर्गूकोंदल।** हाटकोंदल में विश्व योग दिवस के पांच दिन पहले पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ सरपंच हरिषा मंडावी द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। सरपंच ने बताया कि पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण में योग के विभिन्न आसनों प्राणायामों और ध्यान विधियों का अभ्यास कराया जाएगा है। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को योग के बुनियादी सिद्धांतों और लाभों से परिचित कराना है। योग प्रशिक्षक ईश्वर साहू ने बताया कि यह शिविर 21 जून तक जारी रहेगा।

### नवागांव में ठाकुर देव और माटी पूजा की गई

**दुर्गूकोंदल।** परगना 12 गांव बरसा देव के आश्रित ग्राम नवागांव में



गांवस्तरीय ठाकुर देव की पूजा अर्चना का आयोजन रखा गया था। पूर्वजों के नियमों के अनुसार खेतों में अपनी फसलों का अच्छी उत्पादन होने की कामना से गांव के ठाकुर देव , प्रकृति एवं माटी पूजा कर कामना किया गया। यह माटी पूजा का परंपरा प्रत्येक गांवों में किया जाता है, जिसमें मुख्य रूप से ठाकुर देव की पूजा अर्चना करते है, यह परंपरा पूर्वजों से मनाते हुए आ रहा हैं। माटी पूजा कार्यक्रम में सावजीराम जैन द्वारा ठाकुर देव की पूजा अर्चना कर एवं बलूराम मंडावी के द्वारा शीतला माता की पूजा करके पूरे गांव के किसानों का फसल अच्छी होने की कामना किया। इस अवसर पर दुर्गूराम ध्रुव ग्राम पटेल, पलटन पटेल, धरमूराम नाग, सुनाऊराम पोटाई, प्रेम सिंह नाग, अनिल गावड़े सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सड़क किनारे शराब पीते युवक को पुलिस ने दबोचा

**कांकेर।** चारामा पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिलने पर नाकापारा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे छापामार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान 16 जून को मौके पर आरोपी आरईएस कालोनी चर्च गली चारामा निवासी 35 वर्षीय देवेन्द्र कुमार देवांगन पिता अमृतलाल देवांगन को पकड़ा गया। मौके से एक व्यक्ति भागने में कामयाब हो गया। आरोपी के कब्जे से एक नग पौवा प्लेन देशी मदिरा, एक नग प्लेन देशी मदिरा का खाली पौवा, दो नग प्लास्टिक का डिस्पोजल गिलास, दो नग पानी पाऊच को जप्त कर धारा 36 (च) (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### रास्ते में पड़ा मिला युवक का शव, मचा हड़कंप

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत ग्राम बारदा गैस गोदाम के जाने वाले रास्ते में पटेलपारा बारदा निवासी 32 वर्षीय मनोज देहारी का शव मिला, जिससे आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। बारदा निवासी 50 वर्षीय महेंद्र ने पुलिस को बताया कि 15 जून कि शाम को मृतक का शव गैस गोदाम जाने वाले में मृत अवस्था में देखा गया। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

## प्रतिबंध: पीएम आवास के नाम पर निकलने वाली रेत वाहनों से पहुंच रही डंप स्थल

# खदानों से रेत उत्खनन और परिवहन पर लगाया प्रतिबंध, ट्रैक्टरों से हो रही डंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राज्य में नदी-नालों में रेत खदानों से रेत के उत्खनन और परिवहन पर अब प्रतिबंध लग गया है। रेत खदानें अब 15 अक्टूबर के बाद ही चालू हो पाएंगी। पीएम आवास के नाम पर ट्रैक्टर से निकलने वाली रेत डंप स्थल पहुँच रही है। महानदी में लगे ट्रैक्टरों पर कार्यवाही करने खनिज विभाग की टीम पहुँची। टीम को गांव वालों ने घेर लिया और कहने लगे कि पीएम आवास के लिए रेत ले जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार वर्षाकाल में नदी-नालों में रेत उत्खनन 10 जून से 15 अक्टूबर तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहता है। केंद्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में वर्षाकाल में नदियों में खनन संक्रियाओं को प्रतिबंधित किया गया है। इसके मद्देनजर प्रदेश में भौमिकी व खनिकर्म संचालनालय द्वारा सभी कलेक्टरों व खनिज अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पर्यावरण स्वीकृत रेत खदानों में भी रेत उत्खनन व परिवहन का कार्य 15 अक्टूबर के बाद ही चालू हो सकेगी। पर्यावरण स्वीकृत रेत खदानों में भी रेत उत्खनन व परिवहन का कार्य 10 जून से 15 अक्टूबर तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। सभी खदानों के रायल्टी बुक को जमा करवाई जा चुकी है। खनिज ▶▶| शेष पेज 10 पर

- ट्रैक्टर पर कार्रवाई करने वाले अमले को गांव वाले घेर लेते है
- ग्रामीण कार्रवाई नहीं करने की करते रहते है माँग



### शहर के आसपास नदियों में हो रहा रेत उत्खनन

शहर के आसपास नदियों से सुबह साढ़े 4 बजे रेत का उत्खनन और परिवहन का कार्य शुरू हो जाता है। यह रेत कांकेर शहर से लगे नंदनमारा, मनकेशरी, दसपुर, सिंगारभाट और सरंगपाल से गुजरने वाली नदियों से शहर में बन रहे निमार्णाधीन मकानों में डंप किया जा रहा है। इन मकान मालिकों को निर्धारित मात्रा से ज्यादा रेत को डंप नहीं कर सकते है। कांकेर शहर में अवैध ढंग से रेत परिवहन करने वाले ट्रैक्टरों को पकड़ने पर कई जनप्रतिनिधियों के फोन आने लगते है। इसलिए शहर में अधिकारी कार्रवाई करने के लिए बचते रहते है।

### महानदी से गायब हुई चैनमाउंटेन

हरिभूमि टीम ने मंगलवार को सभी खदानों का जायजा लिया, किसी भी खदान के आसपास चैन माउंटेन नजर नहीं आया। गांव वालों ने बताया कि दो दिन पहले खनिज अधिकारी एवं उनकी टीम भ्रमण करके सभी को निर्देश दिया है कि खदान बंद हो चुकी है। ऐसे में किसी भी तरह से वाहन मिला, उस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी, यानी वाहन को राजसात कर लिया जाएगा। राजसात की कार्रवाई की जानकारी दिए जाने के बाद भी महानदी के दो रेत खदान से बीती रात को रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन की बात सामने आ रही है।

### डंप स्थल वाले दोगुना दाम में बेचेंगे रेत

चार माह तक नदी से रेत निकालने के बंद का ऐलान होने के कारण कई लोगों ने रेत को डंप करके रखा है। अब डंप स्थल से ही रेत का परिवहन हो सकेगा। डंप स्थल से रेत दुगुने दाम में मिलने की बात सामने आ रही है। इन पर रेट का किसी भी तरह से नियंत्रण नहीं है। सराधुनवागांव में महानदी से 100 मीटर में पुल के पास कई हाईवा मामला डंप पड़ा हुआ है, जिसकी किसी भी तरह की परमीशन नहीं है। ग्रामीणों ने इस स्थल पर पड़ी डंप पर कार्रवाई की माँग किया है।

### अवैध उत्खनन व परिवहन पूरी तरह से बंद

जिला खनिज अधिकारी सनत कुमार साहू ने बताया कि वैधानिक रेत खदान के संचालकों को बताया गया कि नियमानुसार 15 अक्टूबर तक रेत का उत्खनन एवं परिवहन बंद रखना है। सोशल मीडिया के माध्यम से भी ट्रक चालकों एवं मालिकों को सचेत किया जा रहा है। हमारी टीम के द्वारा लगातार भ्रमण करते हुए कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करवाया जा रहा है।

## पति-पत्नी के साथ गांव के युवकों ने की मारपीट

**कांकेर।** प्रेम प्रसंग के चलते लड़की गांव के ही रहने वाले लड़के के घर चली गई। लड़की के परिजन जब लड़की को वापिस घर लाने के लिए गए, तो उसके साथ दुर्व्यव्हार करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी की। शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे 44 वर्षीय कांति यादव पति मधु यादव ने पुलिस को बताया कि मेरी लड़की गांव के लड़का निखिल नाग के साथ प्रेम प्रंसग होने से उसके घर चली गई थी। अपनी बेटी को लेने के लिए 16 जून को शाम करीबन साढ़े 7 बजे लड़के के घर गए थे। वहां पर आरोपी निखिल नाग, श्रवण नाग और अभिषेक नाग के द्वारा मुझे गाली दिया गया व जान से मारने की धमकी देते हुए मारकर फेंक देंगे कि बात कहने लगे। तीनों एक राय होकर हाथ लात मुक्का से मारपीट करते हुए गला को दबा दिया। अपनी लड़की को अपने साथ घर लेकर आई। मेरे पीछे पीछे निखिल नाग, श्रवण नाग और अभिषेक नाग मेरे घर के पास आकर मेरे पति को गाली गाली देते हुए हाथ लात व मुक्का से मारपीट करने लगे। मारपीट को देख गांव के अन्य लोगो ने बीच बचाव किया। आरोपियों द्वारा हमला करने से मेरे सिर, गला, कंधा व कान में चोट आई, इसके अलावा मेरे पति मधु यादव के हाथ एवं कमर में चोट आई है। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी निखिल नाग, श्रवण नाग और अभिषेक नाग के विरूद्ध धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।



- तीन के खिलाफ मामला दर्ज



## कृषि यंत्र व अन्य सामाग्रियों का विधायक ने किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

विकासखंड नरहरपुर अंतर्गत क्षेत्र के किसानों को कृषि यंत्र बैटरी स्प्रेयर एवं विद्युत चलित उड़ावनी पंखा का वितरण विधायक आशाराम नेताम द्वारा किया गया। किसानों ने कहा कि इससे कृषि कार्य करने में मदद मिलेगी।

- कृषि कार्य में मिलेगी मदद

कार्यक्रम की शुरूआत छतीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रजवल्लित, पूजा अर्चना कर किया गया। विधायक आशा राम नेताम द्वारा आधुनिक खेती में कृषि यंत्रों का उपयोग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने की बातें कहीं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर द्वारा किसानों को विभागीय योजनाओं एवं किसान क्रेडिट कार्ड बनवा कर लाभ लेने पर प्रोत्साहित किया गया। जनपद पंचायत नरहरपुर की कृषि सभापति कांति पटेल ने किसानों को विभागीय योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया। विधायक एवं अन्य अतिथियों ने क्षेत्र के 65 किसानों को कृषि यंत्र बैटरी स्प्रेयर एवं विद्युत चलित उड़ावनी पंखा का वितरण किया गया। कृषि यंत्र वितरण पश्चात अतिथियों द्वारा नारियल एवं आम पौधों का रोपण कृषि विभाग के कार्यालय प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर विभाग के आला अफसर एवं किसान उपस्थित रहे।

## शादी में गए परिवार से गांव के तीन युवकों ने की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पीव्ही 10 कृष्णानगर में अपने रिश्तेदार के यहां शादी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गए युवक के भाई व मां के साथ उसी गांव के कुछ लोगो ने धक्का मुक्की कर मारपीट किया। मारपीट से एक युवक को गंभीर चोट आया, जिसे प्राथमिक इलाज के बाद हायर सेंटर रिफर किया गया।

- घायल युवक हायर सेंटर रिफर

पखांजुर थाना में शिकायत करने पहुंचे ग्राम पीव्ही 7 छोटे कापसी का निवासी 19 वर्षीय विजय दास पिता रंजीत दास ने पुलिस को बताया कि किसानी का काम करता हूं और 14 जून को अपने बुआ के घर पीव्ही 10 कृष्णानगर परिवार के साथ विवाह कार्यक्रम में सम्मिलित होने गया था। शादी कार्यक्रम में परिवार के साथ डीजे डांस कर रहे थे, तभी रात करीबन 12 बजे पीव्ही 10 कृष्णानगर निवासी गोविन्द, चीनू और दिपांकर सरकार के द्वारा नशे कि हालत में मेरे भाई बिल्टू दास को गाली देते हुए धक्का दे दिया, जिससे मेरा भाई बिल्टू नीचे गिर गया। भाई को उठाने के लिए गया, तब आरोपियों ने बोला कि तुम लोग इसे बचाने वाले कौन होते हो। तीनों आरोपियों के द्वारा मुझे और मेरे परिवार के अन्य सदस्यों को जान से मारने की धमकी दिया। हाथ मुक्का, लात घूसा से मारपीट किया, जिससे मुझे हल्की चोट आई और मेरी मां को सिर में चोट लगा है। बीच बचाव करने आएं मेरे बड़े पिता का बेटा अजय दास आया उसे भी तीनों आरोपियों के द्वारा हाथ घूसा, लात से मारपीट करने से अजय के आंख और नाक ▶▶| शेष पेज 10 पर



## ब्लॉक मुख्यालय से सिहारीनाला को जोड़ने वाला मार्ग बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

विकास के तमाम दावों के बीच नरहरपुर विकासखंड के ग्राम सिहारीलाला से ब्लॉक मुख्यालय तक का संपर्क मार्ग अब ग्रामीणों के लिए रोजाना की पीड़ा बन गया है। यह मार्ग इतना जर्जर हो चुका है कि, इसे सड़क कहना भी मुश्किल हो गया है। चारों ओर गड्ढे, मिट्टी और धूल का अंबार है, जिससे न सिर्फ वाहन चालकों को परेशानी होती है, बल्कि स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह रास्ता अब जानलेवा बन गया है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि लोक निर्माण विभाग के अनुभागीय अधिकारी द्वारा लंबे समय से मार्ग का कोई निरीक्षण नहीं किया गया है। विभाग की यह लापरवाही ही सड़कों की यह दुर्दशा का मुख्य कारण मानी जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों को कई बार ज्ञापन सौंपा गया है, लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन मिला और जमीनी स्तर पर कोई कार्यवाही नहीं हुई है। गांव में हाल ही में एक नया शासकीय स्कूल प्रारंभ हुआ है, लेकिन सड़क की खस्ता हालत के कारण बच्चों का स्कूल पहुंचना भी कठिन हो गया है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब गड्ढो में पानी भर जाता है, जिससे फिसलन बढ़ती है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। स्वास्थ्य सुविधा, राशन, बैंक, पंचायत से लेकर किसी भी सरकारी कार्य के लिए लोगों को ब्लॉक मुख्यालय नरहरपुर जाना पड़ता है और यही मार्ग उनकी बाधा बन गया है।

- जानकारी के बावजूद विभाग नहीं कर रहा मरम्मत

### सुधार नहीं होने पर करेंगे आंदोलन: ग्रामीण



ग्रामीणों में आक्रोश इस बात को लेकर भी है कि जनप्रतिनिधि जो चुनाव के समय गांव-गांव घूमकर विकास का वादा करते हैं, अब आंख मूंदकर बैठे हैं। जमीनी हकीकत को जानने के लिए मौके पर कोई भी नहीं पहुँच रहा है। ग्रामीणों ने मांग किया है कि लोक निर्माण विभाग तत्काल संज्ञान लेकर सड़क का निरीक्षण करे और मरम्मत कार्य प्रारंभ किया जाए, यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीण आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## मोर गांव, मोर पानी महाअभियान में शामिल हो रहे सरपंच एवं समूह

# जल संरक्षण को लेकर गांव गांव चल रहा जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में मोर गांव, मोर पानी महाअभियान के तहत गांव गांव में प्रशिक्षण शिविर लगाकर पानी को बचाने को लेकर जागरूक किया जा रहा है। जिले की 454 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायकों, बिहान समूह के सदस्यों और जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न विभागों के कर्मियों को जल संरक्षण तथा जल संचयन की उन्नत तकनीकों को पालन करने का प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है।

मोर गांव, मोर पानी महाअभियान के तहत कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने बताया कि जिलें में औसतन 1200 से 1300 मिमी. वार्षिक वर्षा होती है, फिर भी जिलें में जल संकट की स्थिति बनी रहती है। इसके पीछे अनियमित मानसून, पहाड़ी क्षेत्रों में तीव्र सतही जल बहाव और घटती भूजल पुनर्भरण जैसे कारण है। यह संकट अति गंभीर है, जहाँ अत्यधिक जल बहाव, मिट्टी में नमी बनाए रखने की क्षमता का कम होना और क्षतिग्रस्त जलग्रहण क्षेत्र, अनियमित मानसून कृषि को अलाभकारी बना देते है। वर्षा ऋतु में जल संरक्षण के इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देने का लक्ष्य है। इसके लिए जिले की सभी 454 ग्राम पंचायतों में 02 जून 2025 से 05 जून 2025 तक एक चार दिवसीय उन्मुखीकरण और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके है।



### यह सामुदायिक नेतृत्व वाली योजना: सीईओ

जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि मोर गांव मोर पानी की मुख्य विशेषता यह है कि यह योजना सामुदायिक नेतृत्व वाली योजना इस अभियान में योजनाओं का निर्माण और कार्यान्वयन स्थानीय समुदाय के नेतृत्व में होता है। वैज्ञानिक एवं तकनीकी दृष्टिकोण जल प्रबंधन के लिए वैज्ञानिक और तकनीकी तरीकों का उपयोग किया जाता है। युक्तधारा पोर्टल आधारित डाटा संग्रहण युक्तधारा पोर्टल का उपयोग करके डेटा एकत्र किया जाता है, जो संभवतः बेहतर योजना और निगरानी में मदद करता है। वाटरवेल पोर्टल का भी उपयोग किया जाता है, जिसका संबंध जल स्रोतों की निगरानी या प्रबंधन से है। ओपन सोर्स जीआईएस टूल्स, भौगोलिक सूचना प्रणाली के ओपन सोर्स टूल्स का उपयोग किया जाता है, जो मानचित्रण और स्थानिक विश्लेषण में सहायक होंगे।

## परिवहन संघ भानुप्रतापपुर के सदस्य ने आत्मदाह करने का किया प्रयास, हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

परिवहन संघ पिछले 21 दिनों से स्टील प्लांट के खिलाफ आंदोलन कर रहा है। तीन बार बैठक किए जाने के बाद कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिए जाने की बात को कहते हुए भानुप्रतापपुर परिवहन संघ के एक सदस्य ने आत्मदाह करने का प्रयास किया। खबर फैलते हुए हड़कंप मच गया। दो दिन पहले परिवहन संघ के सदस्य ने परेशान होकर आत्महत्या कर चुका है। ट्रांसपोर्टरों की यह हड़ताल मुख्य रूप से गोदावरी स्टील द्वारा उनके कोटे को कम किए जाने के विरोध में है। उनका कहना है कि यदि कोटा कम किया जाएगा, तो इससे ट्रक मालिकों और यूनियन से जुड़े लोगों की आजीविका पर बुरा असर पड़ेगा। परिवहन संघ के एक सदस्य ने 17 जून को अपनी मांगों को लेकर आत्मदाह का करने का प्रयास किया। परिवहन संघ के सदस्य श्याम शुक्ला ने मशाल और पेट्रोल लेकर एसडीएम कार्यालय की ओर दौड़ लगाई, लेकिन अन्य सदस्यों ने उन्हें समय रहते रोक लिया और उनकी जान बचाई गई। यह घटना तब हुई जब परिवहन संघ अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। घटना के बाद परिवहन संघ के सदस्यों ने ▶▶| शेष पेज 10 पर



## खबर संक्षेप

### सिंधु भवन में सत्संग का आयोजन होगा 21 को

**जगदलपुर।** हरिराया सतगुरु बाबा ईश्वरशाह साहिब के सेवकों द्वारा हरे माधव सत्संग सिंधु भवन में होगा। श्री पूज्य सिन्धी पंचायत अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी ने बताया कि सत्संग के बैठक में उपस्थित रह कर ध्यानपूर्वक अमृत वचनों का आत्मिक आनंद तभी होगा जब मन एकाग्र हो। 21 जून की शाम 7 बजे से सिंधु भवन में सत्संग व भजन रायपुर से सेवकों द्वारा हरे माधव सत्संग होगा। सत्संग के आयोजन में दीपक आडवाणी, सुनील थारवानी, बंटी दुगार्नी, सूर्यांश जेठानी, हरीश नागवानी सेवाएं देंगे। सिन्धी पंचायत के सहसचिव बृजलाल नागवानी ने भी जानकारी दी।

### सात महीने बाद मिली खोई बेटी, छलके आंसू

**कोण्डागांव** । मां की आंखों में थे आंसू बेटी की आवाज़ सुनते ही



छलक पड़ा भावनाओं का सैलाब थाना विश्रामपुरी के कोगेंरा गांव की एक मां ने जब अपनी गुमशुदा बेटी की झलक वीडियो कॉल पर देखी, तो यह नजारा दिखा। ये कोई आम वीडियो कॉल नहीं थी, बल्कि 7 महीने से लापता बेटी कमेश्वरी मानिकपुरी को उसकी मां उषा बाई से मिलवाने की एक ऐतिहासिक और भावनात्मक पहल थी, जिसे विश्रामपुरी पुलिस ने संभव किया। पुलिस के अनुसार पूरा मामला 11 नवंबर 2024 को शुरू हुआ जब कोगेंरा निवासी उषा बाई मानिकपुरी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी 19 वर्षीय बेटी कु. कमेश्वरी मानिकपुरी बिना बताए घर से चली गई है और 7 नवंबर की रात से लापता है। विश्रामपुरी थाने में गुम इंसान क्र. 28/2024 दर्ज कर जांच शुरू की गई। महिला की गुमशुदगी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार भा.पु.से. के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन और अनुविभागीय पुलिस अधिकारी अरुण कुमार नेताम के पर्यवेक्षण में 'ऑपरेशन तलाश' की शुरुआत की गई।

### शिक्षकों ने काली पट्टी लगाकर किया विरोध...

**कोण्डागांव।** युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया को लेकर जिले के शिक्षकों ने काली पट्टी लगाकर आज विरोध प्रदर्शन किया। 16 जून से 30 जून तक काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिले में शिक्षक साझा मंच के प्रदेश संचालक केदार जैन, जिला संचालक ऋषिदेव सिंह, कौशल



कुमार नेताम, शंकर नेताम, जीवन पाण्डेय, प्रदेश पदाधिकारी चन्द्रकांत ठाकुर, शिवराज सिंह ठाकुर, रमेश चंद्र सोनवंशी, पवन साहू के अपील पर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए शासन की नीतियों के विरोध स्वरूप काली पट्टी लगाकर स्कूल पहुंचे।

# मोदी सरकार के 11 वर्ष सेवा, सुशासन और सुरक्षा के प्रतीक : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर स्थानीय सर्किट हाउस में जिला स्तरीय प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री और कोण्डागांव जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को विस्तारपूर्वक जनता के समक्ष रखा।

विधायक लता उसेंडी ने कहा कि मोदी सरकार के 11 साल देश के इतिहास में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के प्रतीक बन गए हैं। यह कार्यकाल केवल शासन नहीं, बल्कि सेवा का युग रहा है। भारत की राजनीति में पहली बार प्रदर्शन की राजनीति को प्राथमिकता दी गई है, जहाँ शासन रेस्पॉन्सिव, रिस्पॉन्सिबल और जवाबदेह बना है। पूर्ववर्ती सरकारों में व्याप्त भ्रष्टाचार, घोटाले और बिचौलियों की संस्कृति को समाप्त कर मोदी सरकार ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से योजनाओं का सीधा लाभ जरूरतमंदों तक पहुँचाया है। जनधन योजना, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, पीएम किसान, पीएम आवास और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं ने करोड़ों लोगों का जीवन बदला है।

**ये भी रहे मौजूद**- प्रेस वार्ता के दौरान कोण्डागांव विधायक लता उसेंडी, केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, भाजपा जिलाध्यक्ष सेवकराम नेताम, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, वरिष्ठ नेता मनोज जैन और नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल मंच पर उपस्थित रहे।

## 11 साल सत्ता नहीं, सेवा का युग : विधायक उसेंडी

### राष्ट्र की सुरक्षा और वैश्विक पहचान



मंत्री देवांगन ने बताया कि सरकार ने देश की सीमाओं को सुरक्षित किया है और भारत की वैश्विक छवि को मजबूती दी है। टेक्नोलॉजी को जन–जन तक पहुँचाने के साथ–साथ अर्थव्यवस्था को सशक्त किया गया है। ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाई देश के आत्मविश्वास और बदलती सुरक्षा रणनीति की मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि एक समय पर देश के 96 जिले नक्सलवाद से प्रभावित थे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी की निर्णायक नीति और विकास की डबल रणनीति के चलते अब ऐसे जिलों की संख्या गिनती की रह गई है। नक्सली घटनाओं में 70 प्रतिशत की गिरावट आई है। पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार ने कई ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय लिए हैं। इसमें धारा 370 हटाना, तीन तलाक समाप्त करना और जीएसटी लागू करना शामिल है। विदेश नीति के मोर्चे पर भारत का सम्मान बढ़ा है, और योग व आयुर्वेद को अंतरराष्ट्रीय पहचान प्राप्त हुई है। भारत आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है। मेक इन इंडिया के जरिए देश ने निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की है। देश आत्मनिर्भरता की राह पर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। मंत्री देवांगन ने प्रेस वार्ता के अंत में कहा, मोदी सरकार के 11 वर्ष विकास, विश्वास और बदलाव के रहे हैं। अब 140 करोड़ भारतीय एकजुट होकर विकसित भारत के निर्माण में जुटे हैं। आने वाले वर्षों में इसका और व्यापक स्वरूप देखने को मिलेगा।

## आयोजन: धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान

# जनजातीय वर्ग के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रहे प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री: सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण योजनाओं से जनजातीय परिवारों को लाभान्वित किये जाने के लिए जिले के सभी विकासखंड में कलस्टर स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। आज बस्तर सांसद महेश कश्यप कोंडागांव विकासखंड के बुनागांव और माकड़ी विकासखंड के ग्राम मारागांव में शिविर का आयोजन किया गया। बुनागांव शिविर में किवईबालेंगा, पाला, कोंगेरा, मालाकोट, बनजुगानी, बांसगांव, तोड़म, चिंचडोंगरी, बुनागांव, मसोरा, केवटी, भीरागांव व और देवखरगांव के ग्रामीण शामिल हुए। इसी प्रकार ग्राम मारागांव में आयोजित शिविर में कावरा, करमरी, बवई, छोटे सलना, मारागांव, शामपुर, मांझी बोरंड, बाडरा, केरावाही, हाड़ीगांव और बड़गांव के ग्रामीण सम्मिलित हुए।

■ बुनागांव और मारागांव में लगाया गया शिविर




### मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण

शिविर को संबोधित करते हुए सांसद श्री कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जनजातीय वर्ग के समग्र विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाते हुए जनजातीय समाज का गौरव को बढ़ाया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण हो रही है। उनके नेतृत्व में देश प्रगति के पथ पर निरन्तर अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री श्री साय के सुशासन में छत्तीसगढ़ राज्य में भी हर वर्ग का विकास हो रहा है। गांव- गांव में पक्का आवास बन रहा है, जल जीवन मिशन से हर घर शुद्ध पेयजल पहुंच रहा है, घर घर शौचालय, उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन और से महिलाओं को बहुत राहत मिली है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से किसानों का कल्याण हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कौशल विकास कार्यक्रम, अंत्यावसायी व स्वरोजगार स्थापित करने के लिए संचालित योजनाओं का लाभ दिलाएं, जिससे वे अपने पैरों पर खड़ा हो सके और आत्मनिर्भर बन सकें।

### 6 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण

कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 20 ग्रामीणों को पौधे का वितरण किया गया। इसी प्रकार खाद्य विभाग द्वारा 16 हितग्राहियों को राशन कार्ड, 5 किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड, स्वास्थ्य विभाग द्वारा 6 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। सांसद कश्यप एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने प्राथमिक शाला मारागांव में शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर 6 बच्चों को तिलक लगाकर प्रवेश दिलाया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर बुनागांव शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीता शोरी, जनपद अध्यक्ष अनीता कोर्राम, जनपद उपाध्यक्ष टोमेंद्र सिंह ठाकुर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए। ग्राम मारागांव शिविर में जनपद पंचायत माकड़ी की अध्यक्ष श्रीमती जुगबती पोयाम, उपाध्यक्ष बैसाखू कोर्राम सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# दो वाहनों से 887, बोरा मक्का बरामद, 92 हजार शुल्क वसूला




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कृषि उपज मंडी समिति क्षेत्रांतर्गत मंडी समिति के अधिकारी सचिव सुरेश कुमार सिंह के नेतृत्व में निरीक्षण दल द्वारा वाहनों की सघन जांच निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मक्का के अवैध परिवहन पर कार्रवाई की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 जून को ग्राम भारसोण्डी ओडिशा निवासी नेपाल घरामी को ग्राम व तहसील माकड़ी में वाहन क्रमांक सीजी 04 एमएच 5106 में 500 बोरा एवं ग्राम अम्पानी ओडिशा निवासी उपेन्द्र मांझी को 14 जून को वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 5226 में 387 बोरा में अधिसूचित कृषि उपज मक्का का परिवहन बगैर मंडी कागजात व दस्तावेज के अभाव में परिवहन करते पाये जाने पर मंडी अधिनियम 1972 की धारा 23 के तहत जब्ती अभिग्रहण की कार्रवाई की गई। माकड़ी थाने में उपज सहित वाहन पुलिस अभिरक्षा में सौंपा गया।

■ मक्का के अवैध परिवहन करते पाए जाने पर कार्रवाई

**वसूला गया मंडी शुल्क-** उक्त प्रकरण का मंडी अधिनियम 1972 को धारा 19(4) के तहत शासन द्वारा निर्धारित कुल मूल्य आधारित देय शुल्कों का पांच गुना मंडी फीस कृषक कल्याण शुल्क, निराश्रित शुल्क तथा अधिनियम की धारा 53 के तहत प्रशमन समझौता शुल्क लिया। जब्ती प्रकरण पर मंडी अधिनियमानुसार कार्रवाई करते हुए कुल 92 हजार 805 रुपए की राशि संबंधित व्यापारियों से वसूली गई। विगत वर्ष 2024–25 में भी मक्का के अवैध व्यापार के कुल 16 प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए 3 लाख 20 हजार की वसूली की गई है।

# 36 स्कूल बसों का किया गया भौतिक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

शिक्षण सत्र प्रारंभ होने के पूर्व 14 जून को परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के समस्त स्कूल बसों की जांच की गई। चालक परिचालक का नेत्र एवं स्वास्थ्य का परिक्षण किया गया। संयुक्त जांच के दौरान कुल 36 स्कूल बसों का भौतिक निरीक्षण किया गया। जिसमें वाहनों के समस्त दस्तावेज की वैधता की जांच की गई जैसे फिटनेस, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, पंजीयन प्रमाण पत्र, मोटरयान कर आदि की जांच की गई। साथ ही वाहनों में सुरक्षा मानकों जैसे अग्निशामक यंत्र, कैमरा, जीपीएस डिवाइस, स्पीड लिमिट डिवाइस की भी जांच की गई।

**3 वाहन चालकों की नेत्र दृष्टि कमजोर मिली:** जांच अभियान के दौरान कुल 7 वाहनों में विभिन्न कमियां पाई गई जिसे आवश्यक सुधार कर 7 दिन के भीतर पुनः जिला परिवहन कार्यालय में निरीक्षण के लिए प्रस्तुत करने संबंधित को निर्देशित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूल बसों के वाहन चालक व परिचालकों का बीपी, शुगर एवं नेत्र परिक्षण किया गया। जिसके 3 वाहन चालकों की नेत्र दृष्टि कमजोर मिली, जिन्हें चश्मा लगाने का परामर्श दिया गया है।

# नई वितरण व्यवस्था बनी परेशानी की वजह, हितग्राही तीन दिन से भटक रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

विकासखंड के ग्राम पंचायत उमरगांव (अ) और इसके आश्रित ग्राम दाड़िया व केंवटी में राशन वितरण की नई प्रणाली ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई है। तीन दिन से लोग राशन के लिए चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अधिकांश को निराश लौटना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें हर दिन राशन दुकान आना पड़ता है, लेकिन सिर्फ 5–6 लोगों को ही राशन मिल पा रहा है। अन्य हितग्राही मोबाइल ओटीपी न मिलने या तकनीकी गड़बड़ियों के चलते वंचित रह जाते हैं। नई व्यवस्था के तहत मोबाइल पर ओटीपी अनिवार्य कर दिया गया है। कई बार यह ओटीपी एक घंटे की देरी से आता है। जिन हितग्राहियों के पास मोबाइल नहीं है, खासकर बुजुर्ग दंपति, वे अधिक दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। लेंप्स संचालक ने बताया कि क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या के कारण वितरण कार्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक फिंगरप्रिंट आधारित नई मशीन नहीं आ जाती। तब तक परेशानी बनी रह सकती है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द तकनीकी दिक्कतों को दूर कर, सभी को समय पर राशन उपलब्ध कराने की मांग की है।

**22-23 जून तक मिल सकती है राहत** -संचालक के अनुसार आगामी 22–23 जून तक फिंगरप्रिंट मशीन आने की संभावना है, जिसके बाद वितरण में गति आएगी और ओटीपी की अनिवार्यता भी घट सकती है।



# नया शिक्षा सत्र हुआ प्रारंभ बच्चे नहीं आ रहे स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

नए शिक्षा सत्र की शुरुआत 16 जून से हो चुकी है। सरकार की मंशा है कि शाला प्रवेशोत्सव के साथ कक्षाओं में नियमित अध्ययन–अध्यापन कार्य शुरू हो। लेकिन पारंपरिक सोच के कारण अब भी कई अभिभावकों की मानसिकता जुलाई से बच्चों को स्कूल भेजने की बनी हुई है। इसके चलते शालाओं में छात्र–छात्राओं की उपस्थिति अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो पाई है, जिससे स्कूलों की रौनक फीकी पड़ी है।

■ अभिभावक व पालकों से बच्चों को स्कूल भेजने की कर रहे अपील

छात्र–छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने के लिए संकुल केंद्र करंजी के अंतर्गत प्राथमिक शाला डोंगरीपारा के बच्चों ने शिक्षक टी. ऐंकट राव के नेतृत्व में 'आओ स्कूल चलें' अभियान का शुभारंभ किया। यह निर्णय लिया गया कि घर–घर जाकर पालकों से संवाद किया जाएगा और बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जाएगा। 16 जून से ही विद्यालय के नन्हे–मुन्ने विद्यार्थी शिक्षक टी. ऐंकट राव के मार्गदर्शन में सहपाठियों और पालकों से संपर्क कर रहे हैं। वे अभिभावकों से अपील कर रहे हैं कि वे अपने बच्चों को शीघ्र स्कूल भेजें, ताकि शिक्षा से वंचित कोई भी बच्चा न रहे। विद्यालय के बच्चों ने गांव के पारा–मोहल्लों में रैली निकाली। आओ स्कूल चलें जैसे नारों के माध्यम से ग्रामवासियों को इस अभियान से जोड़ा। विद्यार्थियों ने पालकों को समझाया कि हर बच्चे का नामांकन आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूल में होना आवश्यक है।




### शिक्षकों का सराहनीय योगदान

*इस अभियान को सफल बनाने में संकुल समन्वयक रमन ठाकुर और शिक्षिका श्रीमती सारिका वैष्णव ने भी उल्लेखनीय भूमिका निभाई। उनके सहयोग से यह अभियान और अधिक प्रभावशाली बन सका।*

# मत्स्याखेट पर 15 अगस्त तक लगाया गया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि प्रजनन को दृष्टिगत रखते हुये उन्हे संरक्षण देने के लिए राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मस्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा–3 उपधारा–2 के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2025 तक की अवधि को बंद ऋतु क्लोज सीजन के रूप में घोषित किया गया है। इस दौरान जिले के समस्त नदियों–नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब जलाशय बड़े या छोटे जो निर्मित किये गये हैं में किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट 15 अगस्त 2025 तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।

मछली पालन विभाग के सहायक संचालक ने जानकारी देते हुए बताया कि नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र संशोधित अधिनियम के नियम–3 (5) के अन्तर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रुपए का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होगा। अन्य प्रांतों से मछली आयात कर विक्रय करने में शासन द्वारा कोई प्रतिबंध नहीं है, तथापि ऐसी मछली के परिवहन या विक्रय के दौरान मछली आयात संबंधी पर्याप्त साक्ष्य रखना आवश्यक है। जिस राज्य से मछली आयात की गई है, उस राज्य के मछली पालन विभाग द्वारा लागू नियमों का पालन भी सुनिश्चित हो।

# घोटाले में लिप्त पूर्व महापौर पर क्या महापौर करवाएंगे एफआईआर : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राजीव भवन में पूर्व महापौर सफिरा साहू द्वारा महापौर निधि में किए गए घोटाले को लेकर प्रेसवार्ता में बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों ने आरोप लगाते महापौर को चुनौती दी।

■ प्रेसवार्ता में कांग्रेस ने महापौर को दी चुनौती




सुशील मौर्य ने कहा कांग्रेस पार्टी ने आरटीआई के माध्यम से पूर्व महापौर सफिरा साहू द्वारा किए गए भ्रष्टाचार को लेकर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। जिस पर न्यायालय ने 20 जून को तलब किया है । उन्होंने कहा पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेश राय सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों ने लंबी लड़ाई लड़ी है । हमारे एडवोकेट संकल्प दुबे ने कार्य कर इसे अंजाम तक पंहुचाया है। भाजपा के लोग आरोप लगाते थे लेकिन उस पर कुछ नहीं कर पाए । महापौर संजय पांडे को पूर्व महापौर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवानी चाहिए क्योकि उन्होंने ही नेता प्रतिपक्ष रहते हुए पूर्व महापौर पर भ्रष्टाचार का खुला आरोप लगाया था। पूर्व महापौर सफिरा साहू के मामले पर संजय पांडे का क्या स्टैंड है इसे उन्हें सार्वजनिक रूप से क्लियर करना चाहिए । उन्होंने कहा कि किसी भी जनप्रतिनिधि और अधिकारी अगर भ्रष्टाचार करेंगे तो कांग्रेस पार्टी न्यायालय के माध्यम से सजा दिलाने का कार्य करेगी। बस्तर में अफसरशाही हावी नहीं होने दिया जाएगा । प्रेसवार्ता में प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन,रविशंकर तिवारी, संजय पाणिग्रही, शुभम यदु,आभाष महंती,ज्योति राव,सायमा अशरफ, शादाब अहमद मौजूद रहे ।

### पूर्व महापौर को अपना पक्ष रखने का अवसर मिला

अधिवक्ता संकल्प दुबे ने बताया न्यायालय के सामने हमने अपना पक्ष रखा था। नए कानून में जो प्रोविजन है इसके तहत जो अभियुक होता है उसे अपना पक्ष रखने का मौका मिलता है। इसी के तहत पूर्व महापौर सफिरा साहू को न्यायालय ने तलब किया है । अगर वह न्यायालय में पेश नहीं होती है तो न्यायालय अपना आगे का निर्णय रखेगा और हम चाहते हैं कि पूर्व महापौर आए और अपना स्पष्टीकरण दें और जो भी मामला बनेगा पूरा रजिस्टर्ड होगा । उसे अंजाम तक पंहुचने का कार्य हम करेंगे ।

### भाजपा देती है भ्रष्टाचारियों को संरक्षण

नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने इसे सच्चाई की जीत की दिशा में न्यायालय के बढ़ते कदम बताया है । उन्होंने कहा है कि भाजपा भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों से समझौता कर सकती है। उन्हें अपनी पार्टी में लेकर संरक्षण दे सकती है परंतु कांग्रेस पार्टी ना कभी भ्रष्टाचार के साथ समझौता किया है और ना कभी करेगी,जनता की गाढ़ी कमाई को जो भी डकारना चाहेगा उसके खिलाफ हम हमेशा खड़े रहेंगे।

## पेज 9 के शेष

### रेत खदानों से...

विभाग का अमला सभी रेत खदानों का भ्रमण करके साफ साफ शब्दों में हिदायत दिया है कि अवैध रेत का उत्खनन और परिवहन पाएं जाने पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाएगा।

### शादी में गए...

में चोटें आईं हैं। घायल भाई को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चोट गंभीर होने के कारण हायर सेंटर रिफर किया गया, तब रायपुर के अस्पताल में भर्ती किया गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी गोविन्द, चीनू और दिपांकर सरकार के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### परिवहन संघ...

भानुप्रतापपुर से कांकेर मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर दिया। परिवहन संघ अपनी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग कर रहा है। विदित हो कि 16 जून को कलेक्टर ने प्रबंधन, कच्चे माईंस और भानुप्रतापपुर परिवहन संघ के साथ बैठक की थी। उन्होंने आश्वासन दिया था कि जल्द ही सकारात्मक परिणाम सामने आएगा। उसके बाद भी परिवहन के एक सदस्य ने आत्महत्या करने का प्रयास किया, जिसके बाद हडकंप मच गया।

## खबर संक्षेप

### नशा मुक्ति अभियान पर निकाली जागरूकता रैली



**गीदम।** जिले में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जनजागरूकता को लेकर विभिन्न ग्राम पंचायतों में रैली का आयोजन किया गया। इस क्रम में गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत घोटपाल-1 एवं ग्राम पंचायत नागुल में भी नशा मुक्ति को लेकर रैली निकाली गई, जिसमें ग्रामीणों की उत्साहजनक भागीदारी रही। रैली में उपस्थित ग्रामीणों ने नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लेते हुए जनमानस को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। इन रैलियों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकना और जनसामान्य को स्वच्छ, स्वस्थ और नशा-मुक्त जीवनशैली के लिए प्रेरित करना है। ग्राम वासियों द्वारा रैली में दी गई सहभागिता इस बात का प्रतीक है कि ग्रामीण क्षेत्र भी नशा उन्मूलन की दिशा में गंभीरता से आगे बढ़ रहे हैं।

### शिक्षा विभाग के आदेश की खुली अवहेलना

**गीदम।** कांग्रेसी नेता शकील रिज़वी की पत्नी शिक्षिका फरहाना रिज़वी ने जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी आदेश को नज़रअंदाज़ करते हुए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, एजुकेशन सिटी जवांगा में आज भी प्रिंसिपल की कुर्सी पर कब्जा जमाए रखा। उनकी पद स्थापना प्राथमिक शाला रेका में है लेकिन वे न तो वहाँ उपस्थित रहीं, न ही आदेश का पालन किया। यह स्थिति न केवल शिक्षा विभाग के आदेश की अवहेलना है, बल्कि भाजपा सरकार की पारदर्शी और जवाबदेह प्रशासनिक व्यवस्था को चुनौती देने जैसा है। भाजपा पार्षद चंदन सिंह ध्रुव ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अब भाजपा की सरकार है, नियम सबके लिए समान हैं।



# अटल डिजिटल सेवा केंद्र के नवीनीकरण, निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी करने वाले एजेंसियों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आज समय सीमा बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने समय सीमा के एजेंडे के तहत कहा कि निर्माण कार्यो से जुड़े समस्त विभाग यह सुनिश्चित करें कि किसी भी निर्माण कार्यो में अनावश्यक देरी अथवा समय सीमा में पूर्ण नहीं किए जाने वाले कार्य एजेंसियों को सूचीबद्ध करके नियमानुसार कार्यवाही करें। सर्व निर्माण एजेंसियां वसूली योग्य कार्यो के ठेकेदारों की जानकारी तथा निर्माणाधीन कार्यों की साप्ताहिक प्रगति के संबंध में भी समय सीमा बैठक में जानकारी उपलब्ध करायेगें। किसी भी निर्माण कार्यो के लिए शासन द्वारा निर्देशानुसार पूर्व एडवान्स का कोई प्रावधान नहीं है। इस निर्देशों का अक्षरशः पालन करना समस्त विभाग सुनिश्चित करेगें। पंचायतों में स्थापित अटल डिजिटल सेवा केन्द्र का उल्लेख करते हुए कलेक्टर ने कहा कि समस्त जनपद विभाग अटल डिजिटल सेवा केन्द्रों में स्टैंडर्ड डिजाईन अनुसार नवीनीकरण कराने के साथ ही उसे कार्यशील करें। प्रधानमंत्री आवास 2.0 के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि योजना के तहत किए जा रहे सर्वे में समस्त पात्र हितग्राही को योजना में शामिल करना सुनिश्चित करें इसके लिए समस्त सीईओ जनपद स्वयं अपनी देख रेख में में पंचायत वार हितग्राहियों को मॉनिटरिंग करेंगे साथ ही ग्राम सभा के माध्यम से यह प्रस्ताव पारित किया जाए कि उनके गांव में योजना के तहत कोई भी हितग्राही आवास से वंचित नहीं हुआ है। इसके साथ ही बैठक में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, वृक्षारोपण अभियान सहित अन्य बिंदुओं में भी कलेक्टर द्वारा दिशा निर्देश दिया गया। इसके साथ ही समय सीमा की बैठक में संचालनालय भौमिकी तथा खनिकर्म, छत्तीसगढ़ के द्वारा जारी गाइडलाइन अनुसार कलेक्टर ने जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन,भण्डारण की रोकथाम एवं विभागीय समन्वय के संबंध में कलेक्टर ने दिशा निर्देश दिए। इसके अन्तर्गत विभिन्न बिन्दुओं जैसे वर्षाकालीन अवधि में प्रदेश के नदियों में रेत उत्खनन का कार्य प्रतिबंधित करने, जिले में समस्त खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर खनिज विभाग, राजस्व विभाग, परिवहन विभाग, वन विभाग एवं पर्यावरण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से जांच, जिले में समस्त निर्माण विभाग अंतर्गत निर्माण कार्यों में उपयोग किये गये गौण खनिजों का रायल्टी क्लीयरेंस प्रमाण पत्र प्राप्त करने, संबधित सर्व तहसीलदार द्वारा भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 247 (7) अन्तर्गत जिले में हो रहे अवैध उत्खनन एवं भण्डारण के प्रकरणों पर अधिक से अधिक कार्यवाही किये जाने, भार क्षमता से अधिक खनिज परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही, खनिज अमलों की कमी होने के कारण नजदीकी पुलिस थाना से अमला लेने हेतु अनुमति, एमएसएस पर टास्क फोर्स का संयुक्त जांच (तहसील एवं खनिज) अनिवार्य किये जाने, सहित जिले में रेत खदान स्वीकृति हेतु चर्चा एवं वर्तमान में नदी तटों से अवैध रुप से रेत का उत्खनन कर निकासी किये जा रहे क्षेत्रो पर क्षेत्रीय अमला द्वारा सतत निगरानी एवं रोक लगाया जाए।

## केशलूर से तोंगपाल तक जाना मतलब जान जोखिम में डालना

# एनएच 30 केशलूर दरभा मार्ग में चलना हुआ मुश्किल, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



केशलूर से सुकमा राष्ट्रीय राजमार्ग-30 की हालत इन दिनों पूरी तरह से जर्जर अवस्था में है। जगह-जगह बड़े गड्ढों से जनता परेशान है तो दूसरी और वाहनों को भी काफी नुकसान हो रहा है। कई जगह गड्ढे इतने बड़े है की बड़ा हादसा हो सकता है।

■ सुकमा से जगदलपुर 100 किमी का सफर तय करने में लग रहे 3 घंटे

केशलूर से लेकर दरभा घाट तक यही हाल है। हालांकि दरभा घाट में विभाग द्वारा साइड पटरी डाली गई है। लेकिन सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। सुकमा से जगदलपुर 100 किमी. का सफर तय करने में तीन घंटे लग जाते है। अगर बस के माध्यम से जगदलपुर जाना हो तो यात्रियों का बुरा हाल हो जाता है। एनएच 30 में दिन-रात ट्रैफिक ज्यादा रहता है क्योंकि प्रदेश को दक्षिण भारत से जोड़ने वाली प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग है। उसके बावजूद विभाग की अनदेखी के कारण सड़क की हालत जर्जर हो चुकी हैं। हालांकि दरभा घाट में जहां सिंगल सड़क है वहां पर साइड पटरी में मिट्टी डाली गई है। लेकिन सड़क की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। एनएच 30 का नाम कुछ साल पहले ही बदला है क्योंकि पहले 221 थी। नाम बदलने के साथ सड़क का निर्माण कार्य शुरू हुआ। लेकिन विभागीय अनदेखी के कारण सड़क निर्माण के कुछ साल बाद एनएच 30 पुरी तरह जर्जर होनी शुरू हो गई। ठेकेदार द्वारा समय पर सड़क का मरम्मत कार्य नहीं किया जिसके कारण आज सड़क पुरी तरह खराब हो चुकी है। केशलूर से तोंगपाल तक सड़क पर चलना मुश्किल हीं नहीं जान को जोखिम मे डालना होता है। सड़क का एक भी ऐसा भाग नहीं होगा जो जर्जर न हुआ हो।

### सड़क नहीं, गड्ढों की श्रृंखला

यह सड़क अब कहीं से भी राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं लगती। जगह-जगह गड्ढे ही गड्ढे, जैसे कि सड़क पर किसी ने सपाट सतह की जगह खदानें खोद दी हों। बारिश से पहले ही हालत नर्क जैसी है, और बरसात में यह मार्ग पूरी तरह मौत का ट्रैक बन सकता है।

### एंबुलेंस भी हांफने लगी

मरीजों को अस्पताल पहुंचाने वाली एंबुलेंस इस सड़क पर हिचकोले खाते हुए दम तोड़ देती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गड्ढे इतने गहरे हैं कि आधे पहिए अंदर ही गुम हो जाते हैं।

# बस्तर जिले में खाद संकट गहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



■ विधायक लखेश्वर बघेल ने जताई नाराजगी

बस्तर जिले में खाद वितरण व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। लेम्पस, डीएपी, ईफको एवं अन्य आवश्यक उर्वरकों की आपूर्ति समय पर नहीं हो पाने से किसान बेहद परेशान हैं। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप के गृह जिला बस्तर में हालात चिंताजनक बने हुए हैं, जहाँ किसानों को महंगे दामों पर निजी दुकानों से खाद खरीदनी पड़ रही है।

स्थानीय किसानों का कहना है कि अभी तक लगभग 50 प्रतिशत किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो पाई है। समय पर खाद नहीं मिलने से किसानों की खेती प्रभावित हो रही है, जिससे आगामी फसल सीजन पर भी असर पड़ सकता है। किसानों ने इस संकट को लेकर बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल से गुहार लगाई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विधायक बघेल ने तत्काल संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और कहा कि बस्तर जैसे कृषि प्रधान जिले में किसानों के साथ इस तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खाद वितरण व्यवस्था में भ्रष्टाचार और लापरवाही किसी भी स्तर पर हो, उस पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। विधायक ने मांग की है कि जिले में खाद की तत्काल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा जरूरतमंद किसानों को प्राथमिकता पर खाद उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वे किसानों के साथ मिलकर आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। कृषि विभाग और सहकारी समितियों की लचर व्यवस्था के चलते बस्तर जिले के किसान अब सरकार से जल्द राहत की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

### 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**दंतेवाड़ा।** जिला कार्यालय सभाकक्ष में आज आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के संबंध में बैठक का आयोजन कलेक्टर कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में किया गया था। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मानव जीवन में योग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 21 जून को मेंढका डोबरा मैदान में प्रातः 7 से 8 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के आयोजित किया जाएगा। योग कार्यक्रम का सुचारू रूप से संचालन के लिए विभिन्न संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्यों के निर्वहन का दायित्व सौंपा गया। इसके अनुसार आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था करने हेतु पुलिस विभाग, कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, पीने के पानी एवं टैंकर की व्यवस्था नगरीय प्रशासन, मंच निर्माण, ग्रीन मेट, कारपेट, योगा मेट,गद्दे आदि की व्यवस्था की गई है।

# बच्चों को नई पुस्तकें व गणवेश दिए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा




मांझीगुड़ा हायर सेकंडरी स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव गरिमापूर्ण एवं उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर दरभा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप, ग्राम के सरपंच जयराम सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

मौके पर दरभा जनपद उपाध्यक्ष हरीश पीडी ने अपने संबोधन में कहा कि दो महीनो के ग्रीष्मावकाश के पश्चात आज से समस्त शालाओं के पट खुल गए हैं। बच्चे सबसे पहले नई कक्षाओं के नए सिलेबस को अच्छी तरह से समझ कर शिक्षकों से चर्चा कर ले, जिससे उन्हें शुरुआती दौर की पढ़ाई में दिक्कत नहीं आएगी। इस नए शैक्षणिक सत्र में वे पढ़ाई को प्राथमिकता देते हुए अन्य अतिरिक्त शालाएं गतिविधियों से भी जुड़े। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि इस शालेय संस्थान के बच्चे पढ़ाई से लेकर खेलकूद तक हर क्षेत्र में अपने ब्लॉक का नाम रोशन करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों के व्यक्तित्व विकास हेतु पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियों में भी भागीदारी करने की आवश्यकता पर बल दिया। उल्लेखनीय है की शाला प्रवेशोत्स्व के कार्यक्रम के तहत नवप्रवेशी बच्चों को जनपद उपाध्यक्ष सहित अन्य आंगतुक अतिथियों ने तिलक लगाकर स्वागत किया और सभी बच्चों को नई पुस्तके एवं गणवेश प्रदाय किये गए। इस दौरान शाला के प्राचार्य वर्गीस मथाई, मंगल कश्यप, मोहन जोशी सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं और पालकगण उपस्थित थे।

# कस्तूरबा गांधी विद्यालय में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम




कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एजुकेशन सिटी जावांगा गीदम में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्राओं का तिलक लगाकर और मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया गया। साथ ही, छात्राओं को गणवेश, पुस्तकें और अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें अच्छे भविष्य की कामना की। और निरंतर परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने हमेशा अनुशासन में रहने, लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने की बात कही। इस दौरान आवासीय विद्यालय की अधीक्षिका प्रभा आलम व विद्यालय के अन्य शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दस्त नियंत्रण पखवाड़ा का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



दस्त नियंत्रण पखवाड़ा का उद्घाटन जनपद पंचायत गीदम अध्यक्ष शकुंतला भास्कर द्वारा ग्राम पंचायत कासोली में किया गया। यह पखवाड़ा 16 जून से 30 जून तक मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्रीमती भास्कर ने कहा कि दस्त नियंत्रण पखवाड़ा का उद्देश्य लोगों को दस्त के बारे में जागरूक करना और इसके नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। इस दौरान खंड चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर गौतम कुमार ने कहा कि दस्त एक गंभीर बीमारी है जो बच्चों और वयस्कों दोनों को प्रभावित कर सकती है, और इसके लिए आवश्यक है कि हम इसके बारे में जागरूक रहें और इसके नियंत्रण के लिए कदम उठाएं। इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें जागरूकता रैलियां और स्वास्थ्य शिविर शामिल हैं।

## स्टाप डायरिया कैम्पेन की जिला स्तर पर शुरुआत



**दंतेवाड़ा।** राज्य शासन के निर्देशानुसार समूचे छत्तीसगढ़ में एक साथ प्रारंभ किए गए स्टाप डायरिया कैम्पेन का जिला दंतेवाड़ा में आज औपचारिक शुभारंभ किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके ने जिला कार्यालय परिसर से स्टाप डायरिया रथ को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की। उल्लेखनीय है कि यह 45 दिवसीय जन-जागरूकता अभियान जिले में मौसमी बीमारियों, विशेषकर डायरिया से बचाव एवं प्रभावी प्रबंधन हेतु चलाया जा रहा है। इसका प्रमुख उद्देश्य लोगों को डायरिया के कारण होने वाले निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) से अवगत कराना और समय पर उपचार हेतु उन्हें प्रेरित करना है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान के तहत पाँच वर्ष तक की आयु के समस्त बच्चों को विशेष रूप से शामिल करते हुए जिंक की गोलियां और ओआरएस के पैकेट घर-घर जाकर वितरित किए जाएंगे। मितानिन एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता इस कार्य में जुटे रहेंगे और 32888 बच्चों को इस अभियान के अंतर्गत कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्टॉप डायरिया कैंपेन की महापौर ने की शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के रमैया वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में महापौर संजय पांडे की उपस्थिति में 16 जून से 31 जुलाई तक होने वाले स्टाप डायरिया कैंपेन को शुरू किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के साथ सभापति नगर पालिका निगम खेम सिंह देवांगन, एमआईसी पीडब्ल्यूडी के सभापति निर्मल पानीग्राही, स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सी मैत्री भी शामिल रहे। बस्तर जिले में 2 माह से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों में डायरिया से बचाव हेतु प्रत्येक बच्चों को ओआरएस का पैकेट और जिंक की गोलियों का वितरण किया जाना है।

# जल जीवन मिशन बना ग्राम चिलकापल्ली के लिए वरदान

**बीजापुर।** ग्राम चिलकापल्ली जो कि फुतकेल ग्राम पंचायत का आश्रित ग्राम है, अब जल जीवन मिशन के सफल क्रियान्वयन के कारण एक आदर्श ग्राम के रूप में उभर सामने आया है लगभग 132 परिवारों की आबादी वाला यह ग्राम है कभी पेयजल की समस्या से जुझता था लेकिन अब हर-घर तक नलजल आपूर्ति पहुॅच रही है। ग्राम चिलकापल्ली में पूर्व से संचालित 15 हैण्डपंपों के माध्यम से ही इन ग्रामीणों को पेयजल की आपूर्ति होती थी। गर्मी के मौसम में पानी का स्तर नीचे चले जाने के कारण लोगों को पानी के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी। छत्तीसगढ़ सरकार की नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत इस ग्राम को प्राथमिकता में लाया गया, योजना के तहत विकास के अनेक कार्य प्रारंभ हुए। इस ग्राम में सबसे पहले महत्वपूर्ण रहा जल जीवन मिशनयोजना का क्रियान्वयन। ग्राम में कुल 37.89 रू. लाख की लागत से जल जीवन मिशन योजना के तहत 7138 मीटर पाईप लाईन बिछायी गई है साथ ही 5 नग सोलर आधारित जल आपूर्ति प्रणाली के स्थापना की गई है। जिससे वर्तमान में 132 परिवारों को घर पर ही नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिल रहा है। ग्राम के पंच नुप्पो देवा बताते है कि पहले हमारे ग्राम में पानी की बहुत ही समस्या थी। महिलाएँ और बच्चे हैण्डपंप से पानी लाते थे जिसमें बहुत समय और मेहनत लगता था लेकिन अब हमें घर में ही शुद्ध पेयजल मिल रहा है हम सभी ग्रामवासी बहुत खुश है।

वहीं ग्रामवासी नुप्पो पोज्जी बताती है की हमें घर में ही पानी मिल रहा है पहले पानी लाने में बहुत दिक्कत होती थी घर में पानी मिलने से अब सुविधा हो रही है। 23 जून 2025 को ग्रामसभा के माध्यम से चिलकापल्ली को हर-घर जल प्रमाणीकरण किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच मनीष कुमार मुसक्की, पंच लेकम गुज्जा, पंच मडकम हेमन्त और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

ग्राम को जल जीवन मिशन के तहत जल आपूर्ति प्रणाली के संचालन, प्रबंधन एंव सतत निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई अब ग्रामवासी जल संरक्षण एवं जल के महत्व को समझकर जागरूकता फैलाने में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे है। जल जीवन मिशन योजना ने ग्राम चिलकापल्ली को पेयजल संकट से मुक्ति दिलायी है, यह योजना केवल जल आपूर्ति का माध्यम नहीं बल्कि ग्राम के सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सुधार और सामाजिक विकास का आधार बन चुकी है।

# कांग्रेसियों ने बीईओ दफ्तर का किया घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

छत्तीसगढ़ कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ सरकार ने 10 हजार से अधिक स्कूलों के युक्तियुक्तकरण का फैसला लिया है। इस फैसले के बाद लगभग 43 हजार से ज्यादा पोस्ट भी खत्म हो सकती है। इसके विरोध में मंगलवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा बीईओ कार्यालय का घेराव किया। कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण कश्यप ने बताया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने शिक्षा की अच्छी गुणवत्ता के लिए आत्मानंद स्कूल खोले और शिक्षकों की भर्ती की। अब ये क्या समय आ गया है कि विद्यालयों से शिक्षक हटाए जा रहे हैं और इससे सीधा-सीधा उन गरीब परिवार के बच्चों पर असर पड़ेगा जो कि अपनी शिक्षा के लिए शासकीय विद्यालयों पर निर्भर रहते हैं। हम चाहते हैं कि प्रशासन इस प्रक्रिया को तुरंत निरस्त करे और शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था करे।

लक्ष्मण कश्यप ने बताया कि युक्तियुक्त करण की प्रक्रिया में भ्रष्टाचार हुआ है. चहेतों को लाभ पहुंचाया गया है, इसे भी आय का एक साधन बना दिया गया। जिसे निरस्त करने की मांग हम कर रहे हैं और ये लड़ाई की शुरुआत है।

**नाम में सरनेम हटाने हेतु शपथ-पत्र**

**अनिरुद्ध कुमार पिताश्री कार्तिक राम** जाति **कलार** निवासी ग्राम **सराधु नवागांव** तहसील **चारामा** जिला **कांकेर** (छ.ग.)

उपरोक्त शपथकर्ता शपथ पूर्वक निम्न कथन करता हूँ-

1 यह कि मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूँ।

2. यह कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड, पेन कार्ड एवं अंकसूची में **अनिरूद्ध कुमार पिता कार्तिक राम** लिखा हुआ है, जबकि मेरा शासकीय रिकार्ड (सर्विस) में नाम **अनिरूद्ध कुमार सिन्हा पिता कार्तिक राम सिन्हा** लिखा हुआ है। नाम एक नहीं होने के कारण शासकीय रिकार्ड में नाम सुधार की आवश्यकता है।

3. यह कि मेरे शासकीय रिकार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में अलग नाम होने के कारण मुझे नाम सुधार करने के लिए शपथपत्र की मांग की गई है। जिसके लिए यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

4. यह कि मेरे शासकीय रिकार्ड (सर्विस) में दर्ज नाम से सरनेम को हटाकर मेरे अंकसूची व आधार एवं पेन कार्ड के अनुसार **अनिरूद्ध कुमार पिता कार्तिक राम** करने के लिए यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**

**// सत्यापन //**

मैं उपरोक्त शपथकर्ता शपथ पूर्वक घोषणा करता हूँ कि मेरे द्वारा उक्त शपथ पत्र की कंडिका 01 से 04 तक दी गई जानकारी सत्य एवं सही है। आज दिनांक 16.06.2025 को स्थान चारामा में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**अनिरूद्ध कुमार**
**सत्यापनकर्ता**

## खबर संक्षेप



### करंट लगने से दो लोगों की हुई मौत, जांच जारी

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत ग्राम अण्डी के खेत में काम करने के दौरान करंट के चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। अण्डी निवासी 55 वर्षीय नरसिंह नायक ने पुलिस को बताया कि 16 जून को मृतिका 42 वर्षीय सुमन नायक खेत में काम करने के लिए गई थी। काम करने के दौरान बिजली करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। अण्डी निवासी ओमशंकर कड़ियाम ने पुलिस को बताया कि मृतक अण्डी निवासी 58 वर्षीय दशरि कड़ियाम 16 जून को खेत में काम कर रहा था। दोपहर 2 बजें से शाम 4 बजें के बीच बिजली करंट कि चपेट में आने से उसका मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### डोजर को राजसात करने की वन विभाग ने शुरू की प्रक्रिया



**पखांजूर।** बांदे वन विभाग के द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए वन भूमि में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई करने तथा जड़ से उखाड़ने के अपराध में वाहन मालिक बांदे निवासी पंकज परामाणिक के डोजर मशीन को राजसात करने की प्रक्रिया चल रही है। वन विभाग कि इस कार्रवाई से उम्मीद है कि भविष्य में इस प्रकार का अपराध करने से पहले लोग सोचेंगे। राजस्व भूमि पर बने तालाब को पाटने तथा अतिक्रमण करने के अपराध में कार्रवाई के लिए राजस्व विभाग को मामला सौंपा गया है। एसडीओ बांदे एमएस नाग ने बताया कि वन भूमि में अतिक्रमण के उद्देश्य से बड़े बड़े पेड़ो को काटने तथा जड़ से उखाड़ने के अपराध में डोजर मशीन जप्त किया गया था, जिसे राजसात की प्रक्रिया में डाल दिया गया है। आगे के कार्रवाई के लिए राजस्व विभाग को मामला सोंपा गया है।

### जहर खाकर दी जान, कारण जानने पुलिस विवेचना शुरू

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत बोदेली निवासी 45 वर्षीय अनिता दर्रो ने जहर खा लिया था। जहर पूरे शरीर में फैल जाने से उसकी मौत हो गई। जैसाकर्रा निवासी मन्नू राम बागे ने पुलिस को बताया कि मृतिका ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए सीएचसी चारामा में ले गए, जहां उसका 16 जून को दोपहर 12 बजें मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 25 जून तक

**कांकेर।** जिले के समस्त शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में सत्र अगस्त 2025-26 एवं 2025-27 में प्रवेश के लिए संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के विभागीय वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीयन एवं प्रवेश के लिए व्यवसाय का चयन कर सकते हैं। महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदकों के पंजीयन के लिये वेबसाइट पर यूजर मैन्युअल दिया गया है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की तिथि 25 जून तक निर्धारित है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**आयोजन:** समयसीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# स्कूल, छात्रावास परिसर, रिक्त मैदानों व सड़कों के किनारे करें सघन पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए अधिकारियों को सौंपे दायित्व



कलेक्टर ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं और निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने मानसून के आगमन के साथ ही जिले में सघन पौधारोपण अभियान चलाने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। इसके तहत जिले में स्थित शासकीय कार्यालयों, स्कूल एवं छात्रावास परिसर, खाली मैदानों, मिनी स्टेडियम के अलावा सड़कों के किनारे व मार्ग विभाजकों में पौधे रोपकर उन्हें संरक्षित करने के लिए ठोस कार्ययोजना बनाने के लिए निर्देशित किया।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 17 जून को सुबह साढ़े 10 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले 10 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों के बारे में बताया। साथ ही सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय आयोजन शासकीय नरहरदेव विद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इसी तरह धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के सफल आयोजन को लेकर कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने बाढ़ आपदा प्रबंधन के अंतर्गत सभी अनुविभागीय अधिकारियों को ऐसी जगहों का चिन्हांकन करने के निर्देश दिए, जहां बाढ़ की आशंका बनी रहती है। ऐसे स्थानों पर पहले से ही तीन माह का राशन वितरण करने, मितानिन पेटी में आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, वर्षा जल के ठहराव वाले स्थलों की साफ-सफाई कराने, खाद-बीज की उपलब्धता तथा वर्षा मापी यंत्र के समुचित रख-रखाव व अन्य जरूरी राहत सामग्री व उपकरणों की पूर्व-व्यवस्था करने के निर्देश सभी अनुविभागीय अधिकारियों को दिए। निर्माण कार्यों के लंबित प्रकरणों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा स्कूल मरम्मत, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण तथा उचित मूल्य की दुकान निर्माण की मदवार जानकारी लेकर जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम कांकेर अरूण वर्मा सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी, जिला स्तर के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### आयुष्मान वय वंदना योजना में लक्ष्य का 51 प्रतिशत पंजीयन

बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत पंजीयन की जानकारी लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि लक्ष्य के विरूद्ध जिले में अब तक 51 प्रतिशत पंजीयन पूर्ण हो चुका है। इसी तरह डीएमएफ मद से निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत कार्यां की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जल्द से जल्द पूर्ण कर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जनमन, नियद नेल्लानार, पीएमश्री स्कूल सहित विभिन्न एजेंडों के संबंध में साप्ताहिक प्रगति की जानकारी लिया।

# दुष्कर्म का आरोपी नारायणपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



थाना कोरर क्षेत्र के नाबालिग बालिका घर से कोरर जाने की बात कहकर निकली थी, जो देर शाम तक घर नहीं पहुंची। बालिका के घर नही पहुंचने से परेशान परिजन ने घटना की जानकारी कोरर थाना में दिया। कोरर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए नाबालिग की पता तालाश शुरू किया। नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को नारायणपुर से गिरफ्तार करते हुए न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

कोरर थाना में 29 मई को नाबालिग के परिजन ने शिकायत दर्ज कराया था कि उसकी बेटी कोरर जाने कि बात कहकर घर से निकली थी, जो देर शाम तक वापस नहीं आई। आसपास व रिश्तेदारों के यहां पता तलाश किया गया, कही पता नहीं चला। मामला नाबालिग से जुड़े होने के कारण पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अपराध क्रमांक 26/2025 चारा 137 (2) कायम किया गया है। मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशन, एएसपी दिनेश सिन्हा एवं एसडीओपी मोहसिन खान के मार्गदर्शन में थाना कोरर स्टॉफ द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमशुदा के बारे में पतासाजी किया जा रहा था। पतासाजी के दौरान सायबर सेल से जानकारी मिला कि बालिका नारायणपुर में है। जानकारी मिलते हि थाना प्रभारी कोरर निरीक्षक जितेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में आरोपी की पतासाजी के लिए टीम बनाकर नारायणपुर के लिए रवाना किया गया। नारायणपुर जिला के ग्राम बखरूपारा में अपहृता एवं आरोपी के बारे में पूछताछ किया गया, जो घर में रहना पता चलने पर घेराबंदी कर दबिश दिया गया। नाबालिग व आरोपी के मिलने पर अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी थाना कोरर अंतर्गत ग्राम हाटकर्रा निवासी 29 वर्षीय राजकुमार बघेल ने बताया कि बालिका को नाबालिग जानते हुए शादी का प्रलोभन देकर बलात्कार किया है। प्रकरण में आरोपी के खिलाफ धारा 87, 64 बीएनएस 4, 6 पॉक्सो एक्ट जोडी गई है। घटना के संबध में आरोपी से बारीकी से पूछताछ करने से अपराध करना कबूल करने पर आरोपी को 15 जून को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# भारत में राम राज्य की स्थापना ही संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का मकसद: विधायक

हरिभूम न्यूज ▶▶| कांकेर

भारतीय जनता पार्टी ने शहर के नए बस स्टैंड स्थित डोम शेड में केंद्र में भाजपा की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर संकल्प से सिद्धि के तहत प्रोफेशन मीट कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत देश और प्रदेश में कार्यशाला के आयोजन के साथ हुई थी, जिसके पश्चात भारतीय जनता पार्टी द्वारा लगातार प्रदेश और जिलों में विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

■ देश में जनजीवन को सुव्यवस्थित करने का प्रण : नेताम



कांकेर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि संकल्प से सिद्धि केवल केंद्र सरकार का कार्यक्रम मात्र नहीं, अपितु यह भारत के जन जीवन को सुव्यवस्थित करने का प्रण है, जिसमें उत्तम शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य, जन सुविधाओं का विस्तार, उत्तम आंतरिक और बाह्य सुरक्षा निर्धारित, वैश्विक रूप से भारत का गहरा प्रभाव रहे। विश्व गुरु के रूप में पूरे विश्व का मजबूत नेतृत्व भारत के हाथ में हो यदि एक पंक्ति में कहा जाए तो भारत में राम राज्य की स्थापना ही संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का मकसद है और यह सब हम हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से सीख कर कर सकते हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने कहा कि प्रोफेशनल मीट के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्ग जो विभिन्न प्रोफेशनल क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहे हैं, जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना निर्माण जैसे प्रोफेशनल क्षेत्र में अपना योगदान दे रहे हैं, उनका सम्मान करना। समाज में उनके योगदान को सम्मानित कर उनके द्वारा किए गए सामाजिक उत्थान के योगदान से शिक्षा लेना है। हमारे बीच आज डॉक्टर, शिक्षक वकील और व्यापारी वर्ग के प्रबुद्धजन उपस्थित हैं और हमारे द्वारा इनका सम्मान करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। समाज के विभिन्न वर्ग आज राष्ट्र विकास में और विकसित भारत निर्माण में अपना प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष योगदान दें रहे हैं। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कहा कि साफ सुथरा, स्वच्छ वॉर्ड और शहर, गावँ बना कर भाजपा के जनप्रतिनिधि अपना अहम योगदान दे सकते हैं। आयोजित कार्यकम में पूर्व विधायक देवलाल दुग्गा, सुमित्रा मारकोले, शिशुपाल शोरी, दिलीप जायसवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी, उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक, राजीव लोचन सिंह, राजा देवनानी, निपेन्द्र पटेल, डॉ. देवेंद्र साहू, टेकेश्वर सिन्हा, हितेंद्र खटवानी, जयंत अठभैया, योगेश साहू, विजय लक्ष्मी कौशिक, चित्ररेखा जैन, उगेश्वरी उइके, मंजू सारथी, दीपक खटवानी, धनेंद्र ठाकुर, पीयूष वलेचा व अन्य उपस्थित रहे।

### अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीयन 20 जून तक

**कांकेर।** संचालनालय रायपुर के आदेशानुसार एवं जिला प्रशासन के सौजन्य से भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए कम्प्यूटर आधारित लिखित परीक्षा के लिए जिले के पंजीकृत आवेदकों को जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोड़ेजुंगा कांकेर में परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क कार्यशाला का आयोजन किया जाना है। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि जिले के आवेदक जिन्होंने आवेदन पत्र जमा नहीं किया है, ऐसे अभ्यर्थी 20 जून तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कांकेर में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा लें ताकि सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा कार्यशाला का आयोजन जल्द से जल्द प्रारंभ किया जा सके।

# दुधावा तालाब में चल रहे गहरीकरण कार्य का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



दुधावा तालाब के सौंदर्यीकरण की मांग शहरवासियों द्वारा लंबे समय से किया जा रहा था। शहरवासियों को मांग को देखते हुए सरकार ने पूरा किया और गहरीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू किया गया। दुधावा तालाब में चल रहे गहरीकरण कार्य का निरीक्षण करने के लिए कलेक्टर,विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पहुंचे।

नगर पालिका अध्यक्ष अरुण कौशिक ने निरीक्षण पश्चात बताया कि तालाब गहरीकरण का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। कांकेर शहरवासियों व जनकपुर वार्ड, अघन नगर वार्डवासियो की सालों पुरानी दुधावा तालाब के गहरीकरण व सौंदर्यीकरण की मांग हमारी सरकार पूरा कर रही है। दुधावा तालाब पूरी तरह से गाद से पट गया था, जिसके कारण इस ऐतिहासिक व धार्मिक रूप से संवेदनशील तालाब में भगवान गणपति की मूर्ति व नवरात्र पश्चात मां दुर्गा की मूर्ति सहित जवारा विसर्जन में परेशानी आ रही थी। तालाब गहरीकरण व सौंदर्यीकरण से दुधावा तालाब का स्वरूप बदलने वाला है। गहरीकरण के कारण तालाब के पानी जमा करने की क्षमता के साथ ही क्षेत्र भी बढ़ गया है। तालाब में ज्यादा पानी जमा होने से भविष्य में आसपास के वार्ड में भूमिगत जल के स्तर में भी वृद्धि होगी। तालाब के गहरीकरण व सौंदर्यीकरण कार्य में कांकेर विधायक आशा राम नेताम का विशेष योगदान व सहयोग निरंतर मिला है। तालाब के गहरीकरण व सौंदर्यीकरण कार्य से वार्डवासी व शहरवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है। इस अवसर पर पार्षद मंजू सारथी, अनूप शर्मा सहित वार्डवासी उपस्थित रहे।

# जनजातीय समुदायों का होगा समग्र विकास



**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल के क्लस्टरों के माध्यम से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का आयोजन ग्राम पंचायत परभेली में जनपद सदस्य विकास राजू नायक के मुख्य आतिथ्य एवं ग्राम पंचायत परभेली के सरपंच कन्हैया पात्र की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत परभेली, लोहत्तर, जाड़ेकुर्से, कोंडरुंज के ग्रामीण शामिल हुए।

मुख्य अतिथि की आसंदी से जनपद सदस्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए दो महत्वपूर्ण और समयबद्ध मिशन चला रही है, जो न्याय महा अभियान और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, धरती आबा एक उपाधि है, जिसका उपयोग झारखंड में बिरसा मुंडा के सम्मान में किया जाता है। उपनिवेशवाद विरोधी आदिवासी नेता थे तथा जिन्होंने 19 वीं शताब्दी के अंत में ब्रिटिश शासन के खिलाफ उलगुलान आंदोलन का नेतृत्व किया था। कार्यक्रम में सियाराम तुलावी, अनीता कुमेटी, फुलेश्वरी दुग्गा, भगवन्तिन जैन, इतवारू देहारी, प्रमिला दुग्गा, रुँगी जाड़े, सुकारो नरेटी, सानु गावड़े, जगबंधु घूमरा, हीरु चुरेंद्र, मंगलू तोप्पा, खंड चिकत्सा अधिकारी डॉ. चंदन बैरागी, पीयूष भुआर्य, पशु विभाग, पीके ठाकुर, अल्का ठाकुर, डोमेन्द्र धारिवाल व अन्य लोग उपस्थित रहे।



# तालाकुर्रा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

**कोरर।** शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन संयुक्त रूप से शाउमावि तालाकुर्रा में मनाया गया। स्कूली बच्चों को लगन से पढ़ाई खेलकूद और सभी गतिविधियों मे शामिल होने प्रेरित किया। शासन से मिल रही योजनाओं के बारे में बच्चों को अवगत कराया गया। शिक्षाविद नारायण जैन ने सभी शिक्षकों को मन लगाकर कार्य करने, परीक्षा परिणाम सुधारने कहा। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी मे प्राचार्य बनमालीं प्रसाद ठाकुर ने संस्था के नियम कायदे बनाकर रखने वेशभूषा पुस्तक कॉपी अपने कालखंड में पहुँच कर पढ़ाई करने खेल गतिविधि मे शामिल होने प्रेरित किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष विनोद रावटे, रामसिंह नरेटी, गौतम गाँवर, चंद्र भुवन ध्रुव, शुभेश मिश्रा, विनोद बोरकर, अनीता तिवारी, बिना शोरी, जितेंद्र साहू, जोगीराम नरेटी, संजय जैन, कुंवरलाल उइके, पूरन साहू, तनु हिचमी, कुमारी भंडारी, सुमित्रा नरेटी, रामकुमारी भुआर्य व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शिविर में नहीं हो सका जनता की समस्या का समाधान

■ ग्रामीण हुए परेशान

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत साधुमिचगांव के आश्रित ग्राम पुड़ो, मिचगांव में 17 जून को ग्रामीण स्तरीय मूलभूत समस्या निवारण शिविर का आयोजन हुआ। शिविर स्थल पर समस्या का निराकरण न होने से लोगों को परेशानी हुई। लोगों ने कहा कि तय कार्यक्रम के अनुसार ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण शिविर स्थल में ही होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आयोजित शिविर में आधार अपडेट, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए पहुंचे लोगों को भी परेशानी हुई। पूर्व में ही सभी दस्तावेज स्कूल में जमा करने कह दिया गया था, लेकिन जब शिविर में पहुंचे तब उन्हें इन सब दस्तावेजों को आनलाइन करने कहा गया, इससे सभी परेशान हुए। अशोक कोमरा, हरिचंद कावड़े ने कहा कि शिविर स्थल में पर्याप्त सुविधाएं देनी चाहिए। यहां आने के बाद लोग खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। अशवन जाड़े ने बताया कि शिविर में सभी दस्तावेज को लाने के बाद काम होने कहा गया था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ ऐसे में परेशानी हुई।

# योग संगम की थीम पर मनाया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**कांकेर।** 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को जिला स्तर पर सामूहिक योग दिवस का कार्यक्रम पीएमश्री नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में योग संगम के थीम पर आयोजित किया जाएगा। सामूहिक योग कार्यक्रम के सुव्यवस्थित संचालन के लिए कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी विकासखण्ड के नगरीय निकायां, ग्राम पंचायतों में हरित योग के संदेश को प्रोत्साहित करने विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस आयोजन में गणमान्य नगरिकों, दिव्यांगजन, उभयलिंगी व्यक्ति, वंचित समूह, विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति समूह, समस्त आयु वर्ग के महिला, पुरूष, एनजीओ, विभिन्न संस्थाओं एवं छात्र-छात्राओं को सम्मिलित किया जाएगा। कलेक्टर ने उक्त सम्पूर्ण कार्यक्रम के लिए जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल में मुख्य नगरपालिका अधिकारी कांकेर को स्थल की साफ-सफाई एवं नगर में प्रचार-प्रसार की व्यवस्था करने, छात्र-छात्राओं, एनसीसी, एनएसएस, रेडक्रॉस आदि की उपस्थिति मंच व्यवस्था की तैयारी के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, सर्व शिक्षा अभियान को दायित्व सौंपा है। इसी प्रकार जिला खाद्य अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, वन विभाग, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा उद्यानिकी विभाग, जिला आयुर्वेद विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण एवं जनसम्पर्क विभाग, पुलिस वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, आयुर्वेद विभाग को भी आदेश जारी कर उत्तरदायित्व सौंपे गए हैं। इसके साथ ही उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी विभाग द्वारा कार्यक्रम से पूर्व अथवा कार्यक्रम दिवस पर पौधरोपण, पौधा वितरण, स्वच्छता अभियान, पर्यावरण जागरुकता की जिम्मेदारी सौंपी गया है।

**रोकथाम व नियंत्रण के लिए अंतर्विभागीय समन्वय की बैठक**

# मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए पूरी तैयारियां रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कलेक्टर की अध्यक्षता में मौसमी बीमारियों से बचाव, रोकथाम व नियंत्रण के लिए अंतर्विभागीय समन्वय की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने वर्षा ऋतु में संक्रामक बीमारियों के बढ़ने की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए मौसमी बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम करने तथा ग्राम स्तर पर कार्ययोजना तैयार कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और जरूरी सतर्कता बरतने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर ने कहा कि डायरिया एवं संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता सहित सभी तैयारियां पूर्ण रखें। पांच वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में दस्त रोग के कारण मृत्यु की संख्या को शून्य करना है। इसके अलावा दस्त से ग्रसित बच्चों में ओआरएस और जिंक के उपयोग की उच्च कवरेज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विशेष तौर पर स्वच्छ पेयजल और ताजा भोजन को लेकर आमजनता को जागरूक करने के लिए के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया को निर्देशित किया। इसके अलावा स्टॉप डायरिया कैम्पेन के तहत 16 जून से 31 जुलाई तक चलाए जा रहे अभियान की जानकारी देते हुए जिला स्तर पर तैयार की गई रणनीति, उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में सघन जांच आदि की जानकारी दी गई। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ हरेश मण्डावी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 जुलाई, 16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशिः- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411